# एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों ने दिखाई एयरफोर्स की 'शक्ति'

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे की एयर स्ट्रिप पर लड़ाकू और मालवाहक विमानों ने लगातार दूसरे दिन किया अभ्यास, देखने वालों की लगी रही भीड़

### एक नजर में अभ्यास

- **1:48** बजे दो सुखोई विमान गर्जना करते हुए एयर स्ट्रिप के ऊपर से निकले
- **1:53** बजे एक विमान लौटकर आया और हवाई पट्टी पर लैंड कर गए।
- **1:55** बजे दूसरा विमान भी लौटकर आ गया, दोनों जेट को वहीं पार्क किया गया
- **2:08** बजे दो सुखोई जेट एयर स्ट्रिप के नजदीक से निकले और चले गए
- **2:13** से 2:24 बजे तक थोड़े-थोड़े अंतराल में पांच सुखोई एयरक्राफ्ट ने रनवे के ऊपर उड़ान भरी और टचडाउन किया।

### दस दिन तक हवाई पट्टी पर उड़ान प्रतिबंधित

बांगरमऊ। एयरफोर्स द्वारा लड़ाकू विमानों के अभ्यास के मद्देनजर बीते 2 से 11 अप्रैल तक एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी को उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित कर दिया था। इस दौरान इस एयर स्ट्रिप के 20 किमी की एरिया में कोई भी प्राइवेट अथवा सरकारी हवाई जहाज फटक नहीं सकता है।

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर रविवार को कारों की जगह लड़ाकू विमानों को दौड़ते देख लोगों की आंखें खुली की खुली रह गईं। गगन शक्ति मिशन के तहत रविवार को एक्सप्रेस वे पर तेज गर्जना के साथ दर्जन भर जेट फाइटरों के अलावा वायुसेना के मालवाहक विमानों ने पहली बार लैंडिंग की। इसमें छह जेट फाइटर हवाई पट्टी से कुछ ऊपर रह कर करतब दिखाते हुये आसमान में गुम हो गये। जेट फाइटरों को आता देख ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

बता दें कि बीती 3 अप्रैल से एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ के पास साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी को एयर फोर्स द्वारा कब्जे में ले लिया गया था। हवाई पट्टी पर गगन शक्ति मिशन के तहत एयरफोर्स द्वारा अभ्यास किया जाना था। जिसे लेकर एयरफोर्स द्वारा तैयारी की जा रही थी। बीते शनिवार जेट फाइटरों ने हवाई पट्टी से कुछ ऊपर आकर उड़ान भरी थी। वहीं रविवार को एक्सप्रेसवे पर दो जेट फाइटरों के अलावा मालवाहक विमानों ने लैंडिंग की। इस दौरान लड़ाकू विमानों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ एकत्र थी। उन्नाव की धरती पर पहली बार जेट फाइटर के लैंड होते ही ग्रामीणों ने तेज तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इसके साथ 6 जेट फाइटर हवाई पट्टी से कुछ ऊपर करतब दिखाते हुये आसमान में गुम हो गये। रिहर्सल के दौरान एयर फोर्स, आर्मी व स्थानीय पुलिस हवाई पट्टी के दोनों तरफ चप्पे चप्पे पर मौजूद दिखी। एयर फोर्स कर्मी ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी 11 अप्रैल तक एयर फोर्स के कब्जे में रहेगी। रिहर्सल देखने के लिये डीएम उन्नाव गौरंग राठी, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम नरेंद्र सिंह, एडीएम विकास यादव समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।


फाइटर जेट को पार्क करने के बाद काकपिट से पायलट बाहर निकले। अमृत विचार


सी हरक्यूलिस कार्गो प्लेन सामान लोड करने के लिए आया। अमृत विचार

### मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

बांगरमऊ। एयर फोर्स के तकनीकी अधिकारियों द्वारा हवाई पट्टी के उत्तरी छोर संडीला मार्ग अंडरपास के निकट एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए पायलटों से फाइटर एयर क्राफ्ट की लोकेशन, टच डाउन और उड़ान के संदर्भ में पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहे। ख़ास बात तो यह है कि आज के फाइटर जेट अभ्यास में उन्नाव और लखनऊ दोनों जिलों की सीमा पर स्थित मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वायुसेना अधिकारियों के अनुसार रविवार को एयर स्ट्रिप पर स्थापित एयर डिफेंस सिस्टम का डिस्प्ले इसी मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन के राडार से संबद्ध किया गया है।



### अभ्यास के दौरान मिसाइल गन भी रही मुस्तैद

बांगरमऊ। एयर डिफेंस सिस्टम के बगल में ही एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल गन भी मुस्तैद रही और इस ताकतवर मिसाइल गन तैनात एयरफोर्स के जवान चौकन्ना होकर टोह लेते रहे। यहां तक कि भारतीय एयरक्राफ्ट के पायलटों से भी 'काल साइन' नंबर पूछकर उन्हें इंट्री की अनुमति देते रहे। अधिकारियों के अनुसार उनके पास पहले से ही मौजूद काल साइन नंबर ट्रेस न होने की स्थिति में यह समझने में देर नहीं लगती हैं कि हवाई पट्टी की तरफ करीब डेढ़ हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आर रहा फाइटर जेट किसी दुश्मन देश का हो सकता है। ऐसी स्थिति में फोर्स के जवान दुश्मन के जहाज को ध्वस्त करने के लिए मिसाइल गन का ट्रिगर दबा देते हैं।

### सी हरक्यूलिस कार्गो एयरक्राफ्ट अंत में आया

बांगरमऊ। वायु सेवा के गगन शक्ति अभ्यास के तहत आज यहां के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित हवाई पट्टी पर एक दर्जन लड़ाकू विमान गरजते हुए निकले। इनमें दो फाइटर प्लेन और एक मालवाहक एयरक्राफ्ट ने लैंड भी किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों लैंड विमान रनवे पर दौड़ते हुए आसमान में विलीन हो गए। अंत में सी हरक्यूलिस कार्गो एयरक्राफ्ट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम के निकट लैंड किया। इस कार्गो विमान में कंट्रोल रूम और एंटी मिसाइल गन सिस्टम का सामान लोड किया जाने लगा।

### कई रनवे ध्वस्त होने पर काम आएगी उन्नाव की यह हवाई पट्टी

बांगरमऊ। एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया कि यदि युद्ध के दौरान देश के अंबाला, भुज, पठानकोट, बीकानेर व सूरतगढ़ आदि फारवर्ड बेस के रनवे क्षतिग्रस्त हो जाएं तो उन्हें वहां के एयरक्राफ्टों को इस एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग कराई जा सके। इसलिए समय-समय पर यहां रिहर्सल होते रहेंगे। जिससे हवाई पट्टी की मरम्मत और रखरखाव तथा सफाई होती रहे।

### पक्षियों को रोकने के लिए घूमता रहा हेलीकाप्टर

बांगरमऊ। अभ्यास के पूर्व एक हेलीकॉप्टर ने हवाई पट्टी के कई चक्कर लगाए। अभ्यास समाप्ति के पूर्व भी हेलीकॉप्टर एयर स्ट्रिप के आसपास मंडराता रहा। वायुसेना के अधिकारी के अनुसार पक्षियों को रनवे से भगाने के लिए ही हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया गया।

### जगुआर, मिग, मिराज व ग्लोब मास्टर नहीं आए

बांगरमऊ। रविवार के अभ्यास में दर्शकों को जगुआर, मिग और मिराज तथा ग्लोब मास्टर जैसे विमानों का प्रदर्शन देखने को नहीं मिला। जिससे वायु सेना का पिछले दो अभ्यासों की तरह आज का अभ्यास ठीकठाक रहा। हालांकि जगुआर आदि फाइटर जेट न आने से दर्शक निराश हुए। उनकी इन जहाजों को देखने की बहुत इच्छा थी।

## जेट फाइटर विमानों की खासियत

### सुखोई-30

इसे सीयू-30 भी कहा जाता है। दो इंजन व दो चालक का यह विमान सुपर सोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से 3000 किमी तक दुश्मन पर हमला करने में सक्षम है। यह फाइटर प्लेन पांच साल पहले पाकिस्तान के बालाकोट में तबाही मचा चुका है।

### मिराज-2000

फ्रांस का यह ताकतवर एयरक्राफ्ट मल्टीरोल फाइटर व बांबर है। लेजर गाइडेड बम और मिसाइल से लैस यह लड़ाकू विमान कम ऊंचाई पर उड़ते हुए दुश्मन के घर में घुसकर उसे तबाह करने में सक्षम है। यह विमान करीब 47 फिट लंबा है। दुश्मन देश इस बांबर से थर-थर कांपते हैं।

### जगुआर

यह एक सीटर सुपर सोनिक फाइटर जेट ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त डिजाइन का है। किंतु अब इसकी एसेम्बलिंग भारत में भी होने लगी है। करीब 55 फिट लंबा यह विमान कम ऊंचाई पर उड़ते हुए दुश्मन को चकमा देकर उसके रनवे को ध्वस्त कर सकता है। करीब 1700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के इस एयरक्राफ्ट को जमीनी हमला करने की महारत हासिल है। यह ब्रिटिश रायल सेना का भी प्रमुख अंग रह चुका है।

### मिग-29

हवा से हवा में मारक क्षमता का यह प्रमुख लड़ाकू विमान मिसाइलों से लैस है और पाकिस्तान एवं चीन की सीमा श्रीनगर सहित बार्डर के एयरबेसों पर तैनात है। यह विमान दुश्मन के विमानों का इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम जाम करने में सक्षम है। ज्ञात हो कि विंग कमांडर अभिनंदन ने इसी विमान से अमरीका निर्मित पाकिस्तानी जेट एफ- 16 को दौड़ाकर मार गिराया था।

### एंटोनोव एन-32

यह दो इंजन का टर्बोप्राप मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमान है। यह सैनिकों को दुर्गम इलाकों में उतारने और लिफ्ट करने में सक्षम है। कारगिल युद्ध में इस सैन्य यातायात विमान की प्रमुख भूमिका रही है।

### बोइंग सी-17 ग्लोब मास्टर

यह एयरफोर्स का बहुत बड़ा कार्गो लोडर है। यह विश्व का सबसे बड़ा मालवाहक जहाज भी है। यह पहाड़ी इलाकों के छोटे रनवे पर लैंडिंग कर सैन्य साजो-सामान पहुंचाने में सक्षम है।

## चिकित्सक व पैरामेडिकल कर्मियों ने भी संभाला मोर्चा

बांगरमऊ। अभ्यास के दौरान स्थानीय सीएचसी द्वारा चिकित्सा टीम भी तैनात की गई। चिकित्सा टीम में डॉ पीयूष मिश्रा, डॉक्टर सागर पटेल, आरबी राजपूत व शिवशंकर यादव आदि चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी शामिल रहे।

### रिहर्सल के दौरान अचानक पहुंचा कुत्ता

उन्नाव। रविवार को एक्सप्रेसवे पर रिहर्सल के दौरान 12 विमानों ने गर्जना के साथ उड़ान भरी। जिनमें 4 सुखोई, 6 एस यू -31 विमान और 2 मिराज लड़ाकू विमानों ने रिहर्सल की। सबसे पहले 2 सुखोई विमानों ने एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो किया। इसके बाद 2 मिराज विमानों ने हवा में उड़ान भरी और हवाई पट्टी पर लैंड हुये। लैंडिंग के बाद दोनों मिराज 2 घंटे तक खड़े रहे। रिहर्सल के दौरान अचानक एक कुत्ता हवाई पट्टी पर आ गया। जिसे देखते ही सैन्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। सैन्य कर्मी गाड़ी लेकर उसे हवाई पट्टी के किनारे तक ले गये। बाद में एक कर्मचारी ने गाड़ी से उतरकर डंडा लेकर उसे हवाई पट्टी से बाहर खदेड़ा।

### वायुसेना के अधिकारियों ने रैंकिंग और फाइनल चेकिंग की

बांगरमऊ। अभ्यास समाप्ति के बाद देरशाम करीब 7 :44 बजे एयर स्ट्रिप पर हेलीकाप्टर ने लैंड किया। बाद में वायुसेना के अधिकारियों ने रेंकिंग और फाइनल चेकिंग की। इसके बाद हेलीकॉप्टर बख्शी का तालाब एयरफोर्स स्टेशन के लिए उड़ गया। एयरफोर्स के वाहनों से विभागीय कर्मचारियों के जाने तथा सामान ट्रकों में लोड करने का क्रम जारी है।

# तीन गुना ताकत करेगी जीत सुनिश्चित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों की संयुक्त बैठक सपा कार्यालय में हुई बैठक में सपा जिलाध्यक्ष ने जहां तीन गुना ताकत से जारी प्रचार अभियान से सफलता प्राप्त होने का दावा किया। वहीं कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ने निवर्तमान भाजपा सांसद से संसदीय क्षेत्र में बिताए गए दिनों का हिसाब मांगने पर जोर दिया, जबकि आप के जिलाध्यक्ष ने संविधान बचाने के लिए भाजपा का हराने की बात कही। वहीं गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन ने देश सुरक्षित रखने के लिए एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।

पूर्व सांसद ने कहा कि एकजुटता से बड़ी से बड़ी लड़ाई जीती जा सकती है। देश को बचाए रखने की लड़ाई जीतने के लिए सभी को एकजुटता कायम रखते हुए विरोधियों को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। वहीं सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन के चलते संसदीय क्षेत्र के सपा प्रत्याशी तीन गुना ताकत से चुनाव मैदान में डटी हैं। सपा सहित सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं की मेहनत से गठबंधन प्रत्याशी को चुनावी सफलता प्राप्त होना तय है। इसलिए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने बूथों पर जीत सुनिश्चित करनी चाहिए। पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी, पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत, उदय राज यादव, बदलू खां, सीके त्रिपाठी, रश्मि पांडेय, कृष्ण पाल यादव, प्रभा यादव, प्रदीप सिंह राठौर, अंकित परिहार, जंगबहादुर सिंह, कमल तिवारी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, आशुतोष त्रिपाठी व यूसुफ़ फारुखी ने भी गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक का संचालन हेमंत पाल ने किया।

इस मौके पर अलवी मिश्रा, अनवर सिद्दक़ी, नरेंद्र लोधी, बालेंद्र सिंह, ओम प्रकाश पासवान, धर्मेंद्र यादव, मक़सूद अली, अखिलेश यादव शीलू, आलोक सिंह, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, अमन अंजुम, अनिल फौजी, फ़ैसल रहमान, उमा शंकर यादव, रमेश चंद्र गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, राम किशोर पाल, कृपा शंकर बाजपेयी, सूर्य नारायण यादव, ओमकांत पांडेय, अनुराग सिंह, यूसुफ़ वारसी, तन्मय श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा व कुलदीप निगम आदि शामिल रहे।


संयुक्त बैठक को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

# दिव्यांग अधेड़ ने कीटनाशक निगल कर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ट्रक हादसे में दोनों पैर गंवाने के बाद से अवसाद में था

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में दोनों पैर गवां चुके दिव्यांग अधेड़ ने परेशान होकर घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे बीघापुर पीएचसी लाए। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिले मेमो पर बीघापुर कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया।


ब्रजेश।

बीघापुर कोतवाली के बहुराजमऊ गांव निवासी ब्रजेश सिंह (45) पुत्र स्व. जगदेव सिंह ट्रक चालक था। शनिवार शाम को उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने और उल्टियां शुरू होने पर घर वालों को इसकी जानकारी हुई। उसे परिजन बीघापुर सीएचसी लेकर आए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन के मेमों पर शव को मोर्चरी में रखाया गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। भतीजे जीतू ने बताया ब्रजेश का करीब दो साल पहले माल लोड कर जा रहा था। इस दौरान वाराणसी जिले में हुए सड़क हादसे में उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटे आई थी। इसकी वजह से उसके दोनों पैर काटे गए थे। ठीक होने के बाद से वह घर पर ही रहता था। किन्ही कारणों से उसे क्लेम भी नही मिला था। जिससे वह परेशान रहता था। ब्रजेश तीन भाइयों सुरेश, दिनेश में छोटा था। पति की मौत पत्नी पूनम, बेटी अंशिका बेटे निहाल और अभय रो-रो कर बेहाल रहे।

# समझौते को नहीं माना, अधिक मिट्टी खोदने का आरोप

**पुरवा उन्नाव।** गंगा एक्सप्रेस निर्माण कार्य में मिट्टी आपूर्ति करने वालों को आए दिन शिकायतें अफसरों तक पहुंच रही है। पुरवा तहसील क्षेत्र के दो किसानों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार द्वारा तीन फिट की जगह 10 फीट मिट्टी खोदने का आरोप लगा कर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने किसानों को जांच करा कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

पुरवा तहसील क्षेत्र के गांव गदोरवा निवासी किसान हरीशंकर व प्रमोद ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित उनकी भूमि संख्या 73 व 74 हैं। गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण संस्था के ठेकेदार देव कुमार शर्मा से 50 हजार में तीन फीट मिट्टी खोदने की बात तय हुई थी लेकिन ठेकेदार ने करीब 10 फीट मिट्टी का खोदवा ली अधिक खोदी गई मिट्टी का रुपया भी नहीं दिया। समझौते के अनुसार उनकी जमीन को समतल भी नहीं कराया। एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से महिला घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बाइक से घर जा रही थी तभी गोकुलखेडा गांव के पास वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई। चमरौली धानखेड़ा गांव की रामकली पत्नी गुड्डू रविवार अपने बेटे की ससुराल थाना क्षेत्र के बहऊदीनपुर गांव गई थी। जहा से लौटते समय महिला को गोकुलखेडा गांव के पास किसी वाहन की टक्कर से ह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पीआरवी पहुंची और उसे एम्बुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर डाक्टर ने प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल भेज दिया।

### आग से पूरी गृहस्थी और बाइक जलकर राख

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी ब्लाक के एक गांव में रविवार दोपहर बाद अचानक लगी आग से घर में रखा अनाज व अन्य गृहस्थी के समान के साथ खड़ी बाइक भी जलकर राख हो गई। लपटे उठती देख मदद के लिए पहुंचे ग्रामीणों निजी संसाधनों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। लखनापुर गांव निवासी रामकृष्ण के घर में रविवार दोपहर बाद अचानक आग लग गई। धुआं उठने पर गृह स्वामी को इसकी जानकारी हुई। शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े तब तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटों को उठता देख बाल्टियों से पानी भर कर डालने के साथ निजी संसाधनों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया जा सका। इससे पहले घर में रखा अनाज, सहित अन्य कीमती सामान के अलावा पूरी गृहस्थी समेत छप्पर के नीचे खड़ी बाइक भी खाक हो गई। गृहस्वामी के अनुसार आग से करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप था कि सूचना के बाद भी दमकल की गाड़ी समय से नहीं पहुंची। आग बुझने के करीब आधा घंटा बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान की सूचना पहुंचे राजस्व कर्मी ने नुकसान का आंकलन कर किया।


आग से जला पड़ा सामान दिखाता पीड़ित।

महंगी हो गई शिक्षा | स्कूल बैग, टिफिन, कलर, कॉपी-किताबों में की जा रही मनमानी वसूली, जिम्मेदार बेपरवाह

# बच्चों के भारी बस्ते हल्की कर रहे अभिभावकों की जेब

बृजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर

**अमृत विचार।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होते ही अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए स्टेशनरी की दुकानों पर पहुंचकर अपनी जेब कटवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। कारोबारी कापी-किताबों सहित स्कूल बैग, टिफिन, पेन-पेंसिल व कलर आदि सभी जरूरी सामान मनमाने दामों मे बेच रहे हैं।

हालांकि दो साल पहले 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले कागज के दाम 33 फीसदी घटकर 67 रुपये तक आ चुके हैं। प्लास्टिक, दोने और अन्य उपयोगी चीजों के दाम भी 20 फीसदी कम हुए हैं। इसके बावजूद निजी स्कूलों के नामित पुस्तक विक्रेता प्रकाशित से अधिक मूल्य वसल रहे हैं। इसलिए अभिभावकों पर प्रति बच्चा करीब छह सौ से दो हजार रुपए तक अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा है। खुले बाजार में 80 रुपए में बिक रहा रजिस्टर स्कूलों के सेट दुकानदारों द्वारा 140 रुपए में बेच रहे हैं। इसी तरह 40 के बजाए 60 रुपए या इससे अधिक वसूली प्रति कापी की जा रही है। अधिक मुनाफे के लिए कारोबारियों ने रजिस्टर व कापियों के आकार भी छोटे कर दिए हैं। इसके अलावा टिफिन, स्कूल बैग, पेन पेंसिल व रबर आदि की बिक्री भी मनमानी दरों पर की जा रही है।



- अभिवावकों को प्रति बच्चा छह सौ से दो हजार रुपये तक अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा

**500 में टिफिन और 1000 में बेच रहे बैग:** पुस्तक व यूनीफार्म विक्रेता नर्सरी के बच्चों के स्कूल बैग 500 से 750 रुपए तक बेच रहे हैं। बड़े बच्चों के बैग की कीमत एक से डेढ़ हजार रुपये तक तय कर रखी गई है। इसी तरह छोटे बच्चों के लंच बाक्स दो सौ से लेकर पांच सौ रुपए में बेचे जा रहे है।

### बीते सत्र के मुकाबले बढ़ीं कीमतें रुपये में

| स्टेशनरी | बीते साल कीमत | इस साल कीमत |
|---|---|---|
| रजिस्टर | 60 से 90 | 80 से 110 |
| कापी | 20 से 40 | 40 से 70 |
| पेंसिल बाक्स | 100 से 300 | 150 से 400 |
| स्कूल बैग | 250 से 600 | 500 से 700 |
| टिफिन बाक्स | 100 से 400 | 150 से 500 |
| पानी बोतल | 70 से 350 | 200 से 450 |

### दामों में कमी का लाभ नहीं

स्टेशनरी विक्रेता मोहित कुमार ने बताया कि कागज के साथ प्लास्टिक दाने के थोक दामों में 15 से 20 फीसदी कमी है। बच्चों की शिक्षा में उपयोग वाली तमाम वस्तुओं के थोक व फुटकर दाम कम हुए हैं। फिर भी निजी स्कूलों के नामित पुस्तक विक्रेता बढ़े दाम वसूलते हैं, क्योंकि खरीददार मुहैया कराने के एवज में प्रकाशकों सहित कारोबारियों को विद्यालय प्रबंधन को खुश करना पड़ता है।

### सभी शिक्षा बोर्डों की किताबें एक समान होनी चाहिए

स्थानीय निवासी भारत विकास परिषद के महासचिव हरिपाल सिंह के मुताबिक दो साल पहले यूक्रेन व रूस के बीच युद्ध के चलते देश में कागज के दाम 30 फीसदी तक बढ़े थे। तब कागज की कीमत 100 रुपये प्रति किलो से ज्यादा हो गई थी, जिससे कापी-किताब की कीमते बढ़ी थीं, जबकि मौजूदा समय में कागज प्रति किलो करीब 67 रुपए प्रति किलो है। इसलिए कापी-किताबों में की जा रही बेतहासा वृद्धि पर अंकुश लगना जरूरी है।

### बच्चों को पढ़ाना मुश्किल

कस्बा निवासी सोनू ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं अलग-अलग कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष शिक्षा संबंधी प्रत्येक चीज महंगी है, जिससे बच्चों को पढ़ा पाना पहुंच से बाहर जाने की आशंका बढ़ती जा रही है।

# रोहित की आतिशी बल्लेबाजी से पुलिस क्लब की बड़ी जीत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पं. दीन दयाल उपाध्याय स्पोटर्स स्टेडियम में डीसीए के बैनर तले चल रही अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्राफी के अंतर्गत पुलिस क्लब व रायल चौलेंजर्स के बीच मैच हुआ। जिसमें पुलिस क्लब ने चैलेंजर्स को 105 रन से शिकस्त दी।

पुलिस क्लब ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए पुलिस क्लब ने निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 249 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें रोहित भड़ाना ने छह चौके और चार छक्के जड़ते हुए शानदार 98 रन की पारी खेली, जबकि अमित पवार ने 50 रन बनाए। प्रतिद्वंदी टीम रायल चौलेंजर्स के साहिल ने चार, अर्जुन बाजपेयी ने दो और मन्नू व सावेश ने एक-एक विकेट प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। जवाब मे बैटिंग करने उतरी रायल चैलेंजर्स मात्र 144 रन ही बना सकी। टीम की ओर से हर्षित अष्थाना 41 और अंकुर 49 ही क्रीज पर डटे रह सके। अन्य बल्लेबाजों का क्रीज पर आने-जाने का सिलसिला बना रहा। पुलिस क्लब के अमित पवार तीन और प्रशांत ने दो खिलाड़ियों को पवेलियन वापस भेजने में कामयाबी हासिल की, जबकि वीरभान एक ही विकेट प्राप्त कर सके। मैच के दौरान आयोजकों में डीसीए सचिव पीके मिश्र, नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा, साकिर हुसैन, विकास सिन्हा, अबरार, सौरभ त्रिवेदी व मोहित सिंह सहित दोनों टीमों के समर्थक भी मौजूद रहे।


मैच विजेता टीम के साथ आयोजन समिति के लोग। अमृत विचार

- पीडीडीयू स्टेडियम में खेला गया अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्राफी का मैच

# ट्रैक के किनारे झाड़ियों में लगी आग वंदेभारत समेत कई ट्रेनें रोकी गईं

## दो घंटे का तक प्रभावित रहा कानपुर-लखनऊ अप और डाउन लाइन का संचालन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर सरैया क्रासिंग छमकनाली पुलिया के पास ट्रैक के किनारे रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की जानकारी बालामऊ के लोकोपायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद फायर बिग्रेड की सूचना दी गई। वहीं ट्रैक के किनारे आग की ऊंची लपटों को देख वंदेभारत समेत कई ट्रेनों को स्टेशन पर रोका गया। इस दौरान दो घंटे तक रेल संचालन प्रभावित रहा। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग बुझाई।

रविवार सुबह 9:50 बजे उन्नाव से कानपुर की ओर जा रही बालामऊ पैसेंजर के लोको पायलट ने सरैयां रेलवे क्रासिंग और छमकनाली पुलिया के बीच खड़ी पतावर में आग देखी। जिस पर उसने ट्रेन को धीमी करते हुये निकल कर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां मौजूद स्टेशन मास्टर को आग की जानकारी दी। इधर तेज हवाएं चलने के कारण आग तेजी से अप और डाउन लाइन के ट्रैक के पास तक पहुंची गई। ऊंची लपटें देख रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच कानपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाली वंदे भारत, आगरा इंटरसिटी, झांसी इंटरसिटी को गंगाघाट स्टेशन पर रूकना पड़ा। जिनको धीमी गति से मेमो देकर रवाना किया गया। दोपहर करीब बारह बजे के बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।



रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

- **सूचना पर मौके पर पहुंच अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत कर बुझाई आग**

## सूने घर से चोरों ने नकदी, जेवर उड़ाए

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत गदन खेड़ा में सूने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए नकदी और जेवर पर हांथ साफ कर दिया। किसी काम से पहुंचे रिश्तेदार ने दरवाजा खुला देख गृहस्वामी को सूचना दी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शीघ्र खुलासा करने का भरोसा दिया है।

गदनखेड़ा नई बस्ती निवासी अमित बाजपेई घर में ताला लगा कर 22 मार्च को परिवार सहित अपने गांव फतेहपुर चौरासी गए थे। इस दौरान घर में कोई नहीं था। बीती शाम गांधीनगर मोहल्ला निवासी उनके चचेरे साले का बेटा कृष्णा अमित के उनके घर किसी काम से आया था। जैसे ही उसने दरवाजे में धक्का दिया तो गेट खुल गया। अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। यह देख उसने फूफा अमित को जानकारी दी। गांव से आए गृहस्वामी के मुताबिक चोर 1.30 लाख के जेवर के साथ 10 हजार की नकदी ले गए।

# एग्रीस्टैक के तहत ग्राम सभा का सर्वे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एग्रीस्टैक योजना के तहत नेतुआ ग्राम सभा का सर्वे होना है। यह सर्वे होने से डिजिटल सर्वे के डेटाबेस के आधार पर फसल संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक किसान तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इसी को देखते हुये रविवार को एसडीएम सदर नेतुआ ग्राम सभा पहुंची और सर्वे कार्य को लेकर राजस्व कर्मियों से चर्चा की और दो दिनों के भीतर ग्राम सभा का सर्वे पूरा करने के निर्देश दिये।

केंद्र की एग्रीस्टैक योजना के तहत नेतुआ ग्राम सभा में रबी फसलों की ई-खसरा पड़ताल डिजिटल सर्वे का काम रविवार से शुरू हो गया है। जहां डिजिटल क्राप सर्वे के दौरान हर खेत के सर्वे होगा।

इसके लिये रविवार दोपहर एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे, तहसीलदार अविनाश चौधरी नेतुआ पहुंचे। जहां उन्होंने मौजूद राजस्व निरीक्षण और लेखपाल से सर्वे को लेकर चर्चा की।

जहां उन्होंने बताया कि दो दिन के भीतर नेतुआ ग्राम सभा का सर्वे पूरा कर लिया जाये। इसके लिये दो-दो राजस्व निरीक्षक की देख रेख में पंद्रह लेखपालों को सर्वे कार्य के लिये लगाया गया है।



नेतुआ में सर्वे कार्य का जायजा लेतीं एसडीएम प्रज्ञा पांडे। अमृत विचार

### यह टीम करेगी सर्वे का काम

दो राजस्व निरीक्षक की देख रेख में पंद्रह लेखपाल अशोक सैनी, सुधांशु बाजपेई, सत्यम शर्मा, अनुराग परिहार, जीतेन्द्र कुमार, पारूल मिश्रा, चंदन गुप्ता, दीपेन्द्र तिवारी, मनीष शुक्ला, अवनीश तिवारी, आशुतोष दुबे, राजकिशोर, मुकेश दीक्षित, आशीष श्रीवास्तव, घनश्याम पांडे को सर्वे कार्य में लगाया।

### इन गाटा संख्या में होगा सर्वे कार्य

लेखपाल ने बताया कि आनलाइन सर्वे में 7148 व 1345 जिसमें कुल 8 हजार 4 सौ 93 गाटों का सर्वे कार्य पूरा किया जाना है।

# नवरात्र को लेकर मंदिरों में शुरू हुई तैयारियां, होंगे कई भव्य कार्यक्रम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के माता के मंदिरों में अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिरों में नवरात्र पर साफ सफाई के साथ ही रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर में झालरों से जगमग हो गया।

राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर नगर, आस पास के जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों से लोग माता के दर्शन करने के लिये आते हैं। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ध्वजारोहण किया जायेगा। मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस का पाठ कराया जायेगा। जिसके बाद राज्यभिषेक होगा। वहीं पंचाग पूजन, अष्टमी को पूर्णाहुति दी जायेगी। नवमी को कन्या पूजन के साथ ही दोपहर बारह बजे श्री राम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। वहीं नवरात्र में सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा नगर के गायत्री मंदिर, कंचना माई मंदिर, सिद्धदात्री मंदिर, काली मंदिर, शंकरपुर काली मंदिर, झंडेश्वर दुर्गा मंदिर, सोमा गौरी मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, दुर्गा मंदिर, पोनी रोड में दुर्गा मंदिर में साफ सफाई का दौर शुरू हो गया है। इस बार नवरात्र में माता का भव्य श्रंगार कराया जायेगा।



नवरात्र को लेकर दुर्गा मंदिर में होती साफ- सफाई। अमृत विचार

- **नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ध्वजारोहण भी किया जायेगा**

## रामनवमी पर शोभा यात्रा निकालने की कवायद शुरू

**उन्नाव।** श्रीराम शोभा यात्रा समिति की आर्य समाज मंदिर में आयोजित बैठक में रामनवमी पर परंपरागत ढंग से श्रीराम शोभा यात्रा निकालने की योजना तय की गई। विहिप के समरसता जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि श्रीराम सनातन सहित भारत के प्राण हैं। यही कारण है कि वह देश के अधिकतम लोगों के पूज्य हैं।

विहिप के जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि श्रीराम भक्ति और शक्ति के परिचायक हैं। श्रीराम ने जहां लंकाधिपति रावण पर विजय प्राप्त की। वहीं शबरी व निषादराज आदि को गले लगाया। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने गत वर्षों की अपेक्षा इस बार अधिक भव्य यात्रा निकालने पर जोर दिया। वक्ताओं ने अयोध्या में बनकर तैयार हुए श्रीराम मंदिर के लिए केंद्र सहित प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया।

# दिल के साथ बूथ जीतने पर भाजपा का जोर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अरोड़ा रिसार्ट में अलग-अलग दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। टिफिन बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह व पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि एक साथ बैठकर भोजन करने से समरसता बढ़ने के साथ विचारों के आदान-प्रदान के मौके बढ़ जाते हैं। उन्होंने तीन-तीन कार्यकर्ताओं की टोलियां बनाकर 10-10 घरों में संपर्क करने पर जोर दिया। कहा कि दिल जीतने पर बूथ तो जीत ही लिए जाएंगे।

परिवहन मंत्री ने कहा कि विकसित भारत की नींव की मजबूती के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना जरूरी है। सभी सीटों पर स्वयं पीएम को प्रत्याशी मानकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी चाहिए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा सामाजिक समरसता जीत का मंत्र बन सकती है। पीएम ने मुफ्त राशन योजना को पांच साल तक बढ़ा दिया है। तीन-तीन कार्यकर्ताओं की टोली रोज दस परिवारों से मिल-बैठकर बातचीत करते हुए सभी के वोट पक्के करें। बैठक में जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, शकुन सिंह, सौरभ मिश्रा, भगवती प्रसाद रावत, विधायक पंकज गुप्ता, बम्बा लाल दिवाकर, अनिल सिंह, व अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी तरह भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की मोदी परिवार टिफिन बैठक सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक क्षेत्र स्थित परिमल वाटिका क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल की मौजूदगी में हुई। बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार की मौजूदगी में नगर स्थित यशोदा कुंज लान हुई टिफिन बैठक में कार्यकर्त्ताओं ने एक साथ भोजन किया। मोहान विधायक बृजेश रावत की उपस्थिति में टिफिन बैठक से पहले स्थानीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौरावां मंडल के बूथ संख्या 310 पर टिफिन बैठक क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह की उपस्थिति में हुई। सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर की मौजूदगी में क्षेत्र के चकलवंशी स्थित परशुराम पैलेस में टिफिन बैठक आयोजित कर संगठन के लोगों ने कार्यकर्ताओ के साथ भोजन किया। वहीं अरोड़ा रिसार्ट में ही आयोजित सोशल मीडिया वालेंटियर सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि 80 करोड़ को मुफ्त राशन योजना का लाभ देकर पीएम ने साबित किया है।




टिफिन बैठक में शामिल मंत्री व क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित अन्य लोग। अमृत विचार



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

# आरोग्य मेले में 48 मरीजों को देखा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान, डा. शिप्रा झा और डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी।

## भूतपूर्व सैनिक ने की खुदकुशी परिजनों में कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता में रहने वाले भूतपूर्व सैनिक ने रविवार सुबह बस्ती में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दुर्गा मंदिर के सदस्य होने के कारण कार्यकर्ताओं में शोक रहा।

कप्तान साहब हाता निवासी राजेन्द्र सिंह भूतपूर्व सैनिक थे। उनकी शुक्लागंज में कई मिष्ठान की दुकानें भी हैं। वर्तमान समय में वह बस्ती जिले में अपनी पत्नी और छोटे बेटे के साथ रहते थे। रविवार सुबह के समय अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिसकी सूचना शुक्लागंज में रहने वाले उनके बेटे मनोज सिंह को दी गई।

# सौहार्द के लिए सामूहिक रोजा इफ्तार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** रमजान उल मुबारक के महीने के अंतिम दिनों में नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सामूहिक रोजा इफ्तार का सिलसिला जारी है। जिसे देखते हुये शनिवार देर शाम लखनऊ रोड स्थित खैरुल बशर एजुकेशन सेंटर की ओर से केबी मेडिकल हाल में सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।

रोजा इफ्तार के आयोजक प्रमुख समाजसेवी रईस खां ने रोजेदारों का खैरमकदम करते हुए कहा कि सामूहिक रोजा इफ्तार के आयोजन से आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें रोजे रखने के साथ ही जितना हो सके नेक अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद के पहले अपने पड़ोसियों, असहायों व गरीबों से मिलकर उनकी मदद करनी चाहिए। ताकि उनकी ईद भी अच्छी तरह से हो सके। रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। पूर्व विधायक बदलू खां, इजहार खां गुड्डू, आजाद खां, सैय्यद रिजवान अहमद, डॉ इरफान, डॉ अनीस अहमद, मजीद खां, शहंशाह खां, आफाक खां, डॉ मुदस्सिर जावेद, डॉ बेनजीर, समाजसेवी फजलुर्रहमान, हामिद अली, जमीर खां, कलीम खां, फरीद अहमद, बशर आदि मौजूद रहे। इसी तरह प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने नगर के मोहल्ला चौघडा मे सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया।



रमजान में होता सामूहिक रोजा इफ्तार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से डूबी जायद की फसल

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** पश्चिमी के बांधों से गंगा का पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिस कारण क्षेत्र से निकली गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने लगा। जिससे गंगा रेती के किसानों की कई बीघे फसले जलमग्न हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के रहने वाले तमाम किसानों ने गंगा की रेती पर जायद की फसल बो रखी है। जो इस समय पूरी तरह से तैयार हो गई है और बाजारों में कद्दू, खीरा, ककड़ी, लौकी, ककड़ी के अलावा आदि जायद की सब्जियां बिक रही हैं। इधर मौसम अनुकूल होने के कारण फसल भी अच्छी हो गई हैं लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा गया। जिस कारण गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जलस्तर बढ़ने के कारण तमाम किसानों की जायद की फसल तक पानी पहुंच गया है। ऐसे में किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। मन्ना नगरी किसान अशोक, जमुना आदि ने बताया कि गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ा है। जिससे तरबूज, ककड़ी आदि की फसल जलमग्न हुई है। जिससे हम लोगों को नुकसान हो सकता है।

### पुलिस के प्रयास से 25 दंपति फिर साथ रहने को हुए राजी

**उन्नाव।** आपसी मनमुटाव के बाद थाने कोतवालियों तक पहुंचे पति पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार पारामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्को में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों सहित उनके परिजनों की काउंसलिंग के बाद 25 जोड़े गिले शिकवे भूलकर फिर साथ रहने को राजी हुये। पति पत्नी के बीच के आई दरार को पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस परिसर में एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद की अध्यक्षता में परिवार परामंश केंद्र व थानों कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई। इसके बाद 25 जोड़ो को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इसमें महिला थाना से नौ, परिवार परामर्श केन्द्र से चार, थाना सोहरामऊ से तीन, गंगाघाट, हसनगंज कोतवाली व औरास थाने से दो-दो, सदर कोतवाली बांगरमऊ व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से एक-एक जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इसमें में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा.एसके पाण्डेय, प्रभा यादव, अबसार अली व सगीर अहमद सहित पुलिस टीम से इंस्पेक्टर परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा भागीरथी, हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमारी, मीनू सोलंकी, प्रीती, शिखा यादव, दुर्गेश की भूमिका रही।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर ऋषि नगर में चलाया अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर सफाई कर्मियों की फौज वार्ड नंबर सात ऋषि नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही नाला नालियों की साफ सफाई कर सिल्ट उठाने का काम किया। शासन के निर्देश पर अप्रैल माह में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में सफाई कर्मियों ने वार्ड नंबर सात ऋषि नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने झाडू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही गलियों में पड़ी सिल्ट को उठाने का काम किया। वहीं मच्छरों की भरमार को देखते हुये सभी गलियों में फागिंग कराई गई।

### गायत्री मंदिर में हुआ होली मिलन, गीतों पर झूमे

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। होली मिलन समारोह से पूर्व समस्त जोन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। जिसमें प्रभारियों का चयन किया गया। गांव में मिशन कैसे पहुंचे। इसके लिये डा. हिमांशु द्विवेदी ने नव युवकों को गायत्री परिवार में कैसे जोड़ें। इस पर चर्चा की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विधायक पंकज गुप्ता, वीरेन्द्र शुक्ला, संग्राम सिंह, देशबंधु तिवारी, आरपी लाल, श्रीलाल विश्वकर्मा, दया साहू, शिव त्रिपाठी, रीना गुप्ता, सुमन, किरन श्रीवास्तव, डा. संगीता, अमरनाथ आदि मौजूद रहे।

**समारोह** | पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार सूर्य नारायण, काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

# न कोई आचार संहिता न चरित्र न चिंतन, कुर्सी के लिए...

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रसिद्ध साहित्यकार सूर्य नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह के बाद उनके आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हास्य, श्रंगार और ओज के कवियों की रचनाएं सुनने के लिए श्रोता रात भर ताली बजाने को मजबूर रहे।

प्रसिद्ध साहित्यकार सूर्य नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि पर उनके शहर स्थित पीडी नगर आवास पर श्रद्धांजलि समारोह के बाद काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। उनके विधायक बेटे आशुतोष शुक्ला ने कवियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना के बाद हास्य रस के कवियों की रचनाओं पर जमकर ठहाके गूंजे तो ओज की कविताओं पर लोगों ने जमकर ताली पीटते हुए भारत माता की जय का उद्घोष किया। आधी रात चली गोष्ठी में लखनऊ से आए वीर रस के कवि प्रख्यात मिश्रा ने पढ़ा नेहरू का सरदार के प्रति हुआ जो द्वेष कांग्रेस टूट गयी आपस के क्लेश से। किंतु जो चुनाव हारा देश का हुआ प्रधान गांधी जी का निर्णय था स्थिति विशेष मे धन्य लौह पुरुष पढ़ाया एकता का मंत्र देश को सजा दिया अखंडता के मंच पे। होते न पटेल यदि देश होता देश नही देश जैसे कई देश बन जाते देश मे। कवियित्री शिल्पी सक्सेना ने रुक जाय कलम पर बिके नही, कट जाय शीश पर झुके नही को भी श्रोताओं ने सराहा।

लिखना है कि लिखो गीत मन के गीतों का क्या होगा। मशहूर हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने वर्तमान राजनीतिक हालातों पर चोट करते हुए पढ़ा। न कोई आचार संहिता न चरित्र न चिंतन, कुर्सी हथियाने की खातिर बना महागठबंधन। इनसे आशा लगाना उत्थान की जय हो जनता की जय हो हिंदुस्तान की। उन्नाव के कवि पिंटू ने गोली से मारो चाहे फांसी मा टांगो, मगर मोरे भइया हमसे भूसा न मांगो पढ़कर आवारा मवेशियों से हो रही किसानों की परेशानी बायां की। कवि प्रलयंकर द्विवेदी, रामशंकर शुक्ल सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अखिल गुप्ता, संदीप पांडेय, सूर्य प्रकाश मिश्र, पंकज दीक्षित, राजू शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



काव्य पाठ के अवसर पर कवियों ने दी श्रद्धांजलि। अमृत विचार



काव्य पाठ कर लूटी वाहवाही। अमृत विचार

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर निवासी एक युवक रविवार को बाइक से पुरवा जा रहा था, तभी हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया है।

कानपुर के बर्रा विश्व बैंक निवासी सुरेन्द्र उर्फ गुड्डू सोनवानी रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे बाइक से पुरवा स्थित मंगतखेड़ा अपनी ससुराल जा रहा था, जैसे ही वह हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा। डिवाइडर से टकराने पर उसे गंभीर चोटें आई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और चौकी पुलिस को सूचना दी। काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची।



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

## सार-संक्षेप

### जानलेवा हमले का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव उत्तर पारा में पुरानी रंजिश को लेकर महेश सिंह पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया गया था। पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया था। स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सुलेमान पुत्र मोहम्मद नजीर व जाबिर पुत्र लतीफ निवासीगण ग्राम रेवरी मजरे उत्तर पारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**जगदीशपुर, अमेठी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीएचसी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए मरीजों को जागरूक किया गया। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में स्वास्थ्य अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि स्वच्छता एवं संयम अपनाने से ही शरीर स्वच्छ व निरोग हो सकता है। उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों की सेवा करने का आग्रह करते हुए कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। इसलिए केन्द्र पर आने वाले मरीजों का परीक्षण करने के उपरांत ही दवाएं लिखें सभी मर्ज की दवाएं केन्द्र पर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर केन्द्र के चिकित्सकों समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### अधिक से अधिक मतदान करने व कराने की अपील

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** लोकसभा चुनाव-2024 को शांति सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में रविवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों कोटेदारों व प्रतिष्ठित, सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह व तहसीलदार राहुल सिंह द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों से लोकसभा चुनाव-2024 में भयमुक्त वातावरण में मतदान करने व आमजनमानस को भी अधिक से अधिक संख्या में अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी तथा आदर्श आचार संहिता व चुनाव आयोग की गाइड लाइन्स का अनुपालन करने एवं अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने की अपील की गयी।

### कथा के अंतिम दिन सुदामा के चरित्र पर प्रकाश डाला

**अमेठी।** तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य श्री नारायण बाजपेई ने सुदामा चरित्र पर प्रकाश डाला और मित्र की परिभाषा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कथा का समापन नहीं होता बल्कि कथा विश्राम लेती है। श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा स्थल पर श्रोताओं की भीड़ इस कदर उमड़ी कि जगह कम पड़ गयी। सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा से वातावरण भक्तिमय नजर आया। कथा व्यास आचार्य श्री नारायण बाजपेई जी महाराज ने कहा कथा प्रारम्भ होती है उसका समापन नहीं होता, कथा केवल विश्राम लेती है।

### मुक्ति दान की सिंह गर्जना है श्रीमद्भागवत पुराण कथा

**अमेठी।** श्रीमद्भागवत वेदों का भाष्य है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण करने से जीवन में बदलाव से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उक्त बातें स्वामी परमहंस आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय भागवत मर्मज्ञ डा. श्याम सुंदर पाराशर जी ने कही। टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम में चल रही कथा के दूसरे दिन कथा वाचक डॉ. पाराशर ने बताया की प्रारब्ध में नहीं है तो नहीं मिलेगा। ये भ्रम है कि पुत्र होगा तो कल्याण होगा। जिंदगी में सुख चाहते हो तो भगवत भजन ही सही मार्ग है। कथा में किस्से और कहानियों को सुनाकर श्रोताओं को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि ममता ही कष्ट का कारण है। कपट रूपी माया का जाल सच्चिदानंद स्वरुप का दर्शन मात्र से स्वतः नष्ट हो जाता है। कथा व्यास ने प्रभु श्रीराम के अवतार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या के ऐश्वर्या को देखकर देवता भी प्रभावित होते हैं लेकिन प्रभु श्रीराम ने उसे भी त्याग दिया।

### छप्पर में आग लगने से तीन भैंसें झुलसी

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कुम्भी में मवेशियों के लिए रखे छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लगने से तीन भैंसे बुरी तरह से झुलस गई। वहीं छप्पर के नीचे रखा पशुओं का चारा भी जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मसक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रविवार दोपहर बाद कुम्भी में उस समय अफरा-तफरी जब भागीरथ का पुवाल का रखा छप्पर धूं-धूंकर जलने लगा। आग लगने से छप्पर के नीचे बंधी तीन भैंसे बुरी तरह से झुलक गई। चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते छप्पर के नीचे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हल्का लेखपाल रामसमुझ रावत ने बताया कि हुए नुकसान की रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेज दी गई है।

### कस्बे में चलाया गया सकोरा अभियान

**डलमऊ, रायबरेली।** ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो गया है, प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है, ऐसी परिस्थिति में प्रकृति का स्वरूप बदलने से निश्चित रूप से मानव के साथ साथ, पशु, पक्षी, पेड़, पौधे, जलचर, थलचर सभी का जीवन गर्मी से प्रभावित हो रहा है। अभियान के दौरान नगर अध्यक्ष विकास शर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अल्पना यादव, तहसील संयोजक शिवम सोनकर , एसएफडी संयोजक कुनाल वर्मा ,कला संयोजिका प्रियंका रावत नगर इकाई सदस्य अंकिता रावत ,ऋतुराज बाजपेई, नगर सह मंत्री तुषार त्रिवेदी आदि उपस्थित रहें।

# टोल कर्मियों पर फायर करने वाले अंतर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

सलोन, रायबरेली

▶▶ पकड़े गए बदमाशों पर अलग-अलग थानों पर दर्ज हैं कई मुकदमे

**अमृत विचार।** टोल कर्मियों पर फायर झोकने वाले अंतर्जनपदीय मुख्य अभियुक्त समेत दो अन्य बदमाशों को बीती रात एसओजी और कोतवाली पुलिस की सयुंक्त टीम ने टोल प्लाजा के समीप धर दबोचा है। बदमाशों के पास से अवैध तमंचा, 9 एमएम की पिस्टल व कारतूस और बाइक बरामद की गई है।

पकड़े गए सभी बदमाशों पर कई आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों की धरपकड़ के लिए सलोन पुलिस और एसओजी की टीम शनिवार की देर रात टोल प्लाजा पर चेकिंग लगाए हुए थी। इसी बीच प्रतापगढ़ की तरफ से एक बाइक पर तीन लोग सलोन की तरफ आते दिखाई दिया। पुलिस के रोकने के इशारे पर बदमाशों ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी, लेकिन फोर्स की तादाद अधिक होने पर तीनों बदमाश पुलिस के चंगुल में फंस गए।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश मोनू उर्फ सुंदी अली कुरेशिन का पुरवा उदयपुर प्रतापगढ़ टोल प्लाज़ा पर हुए फायरिंग में वांछित था। अभियुक्त के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। जबकि इनके साथ पकड़े गए अभय प्रताप सिंह निवासी बड़ी कटरिया थाना उदयपुर के पास से अवैध तमंचा और कारतूस व अभियुक्त दुर्गेश सिंह निवासी अगई के पास से 9 एमएम की पिस्टल बरामद की गई। कोतवाल ने बताया कि हाल ही में डीह थाना क्षेत्र में हुए बकरी चोरी की घटना मे मोनू और दुर्गेश वांछित है। इसके अलावा भदोखर, जगदीशपुर और सुल्तानपुर में हुए कई घटनाओं में तीनों वांछित चल रहे है। मोनू के विरुद्ध 18 मुकदमे, अभय के विरुद्ध तीन मुकदमे और दुर्गेश सिंह पर चार मुकदमे थाना सलोन डीह और गैर जनपद में पंजीकृत हैं।

# सनातन धर्म में पर्वों का एक अपना महत्व: विधायक

ऊंचाहार, रायबरेली

▶▶ पूरे चाहिल मजरे कंदरावा में हुआ होली मिलन समारोह

**अमृत विचार।** रविवार को क्षेत्र के पूरे चाहिल मजरे कंदरावा में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने बड़े भावुक अंदाज में कहा कि हमारे सनातन धर्म में पर्वों का अपना एक अलग महत्व है। यह पर्व हमें अपनों से नजदीक लाते हैं। हमारे बीच कहीं जाने अनजाने में दुराव आ गया हो तो सारी दूरियों को यह पर्व मिटा देते हैं।

आज ऐसा ही अवसर है कि हम सब एकजुट होकर एक सूत्र में पिरो जाएं। यहां का जन-जन हमारा है और हम यहां के जन-जन के हैं। सभी से मेरा आत्मीय रिश्ता है, सभी मेरे परिवार के सदस्य हैं। यह अटूट रिश्ता जीवन पर्यंत बना रहेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम को नेत्री रीना पाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम मोहन तिवारी ,नागेंद्र तिवारी, गोलू तिवारी, आशीष तिवारी, राजेंद्र पासी, अनिल पाण्डेय, रामू पाण्डेय, शिवपूजन, अरुण आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसी नेता ने छोड़ी पार्टी

**रायबरेली।** 30 वर्ष से कांग्रेस की सेवा कर रहे ऐहार निवासी पूर्व ग्राम प्रधान और कांग्रेस पार्टी के पंचायती प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह बघेल ने कांग्रेस का दामन छोड़ दिया है। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी को पत्र भेज कर पार्टी छोड़ने के बाबत अवगत करा दिया है। इससे पहले भी सरेनी विधानसभा के एक वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और अब पंचायती प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजकिशोर सिंह बघेल ने पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस के लिए संकट पैदा कर दिया है।

# खड़ी ट्रॉली में बाइक सवार घुसे, दो की मौत व एक घायल

संवाददाता, रायबरेली

▶▶ हरचंदपुर थाना क्षेत्र के सीएचसी के पास की है घटना

**अमृत विचार।** रविवार रात जिले में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी, घटना में दो युवकों की मौक पर ही मौत हो गई जबकि एक की हालत गम्भीर बनी है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महराजगंज थाना क्षेत्र के पूरे कोरिन मजरे बरहुआ निवासी शिवकरन पुत्र श्रीराम, पहाड़पुर थुलवासा निवासी ज्ञानू पुत्र जगदीश व पूरे कोरिन निवासी ललित पुत्र बिजेश्वर एक ही बाइक से हरचंदपुर से महराजगंज की तरफ जा रहे थे। तभी पूरे बख्तावर गांव के सामने सीएचसी के निकट एक दुकान पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक सवार टकरा गए।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों उछल कर सड़क पर गिर गए। आनन-फानन में सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर पर शिवकरन व ज्ञानू को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे घायल को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि ज्ञानू अपने भाई की ससुराल पूरे कोरिन गांव आया था और रिश्तेदारों के साथ वह भी हरचंदपुर गया था। वहीं घटना के बाद ही ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्य की जाएगी।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# साहू समाज के होली मिलन में जुटी भीड़

संवाददाता, रायबरेली



साहू समाज के होली मिलन समारोह में अतिथियों का स्वागत करते लोग।

**अमृत विचार।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा द्वारा एक स्थानीय होटल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, रमाशंकर साहू एडवोकेट, भाजपा नेता अजय अग्रवाल, साहू समाज के जिलाध्यक्ष संतोष साहू व चिकित्सक डॉ वीके साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि ने समाज के लोगों को जागरूक, सहयोगी एवं राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति यदि किसी परेशानी संकट में हो तो वह हमें सूचित करें मैं और मेरा संगठन चौबीस घंटे उसकी सहायता, सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

कार्यक्रम में मुन्ना लाल साहू, शिक्षक नेता रंजीत साहू, धर्मेंद्र साहू, रंजीत साहू. बी.डी. साहू, हरिशंकर साहू, रोहित साहू एडवोकेट, भाजपा नेता ओम प्रकाश साहू, संजय साहू, धर्म गुरु बालकुमार साहू, इतरेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य, रवि साहू एडवोकेट, सत्यवती साहू, जय श्री साहू, वंदना साहू, कंचन साहू, अनुकृति साहू, विजय लक्ष्मी साहू भाजपा नेत्री फतेहपुर, पंकज साहू सभासद आदि हजारों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सीएमपीएस के बच्चों ने मारी बाजी

**लालगंज, रायबरेली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र आयुष गुप्ता ने जनपद में प्रथम व छात्रा सेजल सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। सीएमपीएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि संस्कृति ही हमारी भारतीयों की मातृभाषा है। गायत्री परिवार संस्कृति भाषा के पुनरुत्थान में लगातार काम कर रही है। विद्यालय परिवार भी संस्कृति भाषा के प्रचार-प्रसार में गायत्री परिवार को सदैव मदद करता रहता है। दोनों मेधावी विद्यार्थी और विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला को गायत्री परिवार के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बल्लियों से पीट कर की गई थी हत्या, चारों गिरफ्तार

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** सरेनी थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक हत्याकांड का पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चौबीस घण्टे के भीतर खुलासा कर दिया है। घटना में नामजद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना क्षेत्र के निसगर गांव निवासी श्याम विलास त्रिवेदी को पुरानी रंजिश मेंगांव के ही चार लोगों ने उस समय पीट दिया था। जब वह गांव के बगल में स्थित कामेश्वर मन्दिर पर हो रहे एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी उसकी बाइक रोक कर उसकी पिटाई की गई थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद राम विलास की पत्नी सुमन ने गांव के ही शिवानन्द शुक्ला पुत्र मिथलेश शुक्ल, आशुतोष शुक्ला पुत्र उमेश शुक्ला, शशांक त्रिवेदी पुत्र सन्तोष त्रिवेदी व रंजीत सिंह पुत्र बब्बू सिंह पर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी।

अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सरेनी पुलिस ने चौबीस घण्टे के भीतर सभी आरोपियों को बरदरा मोड़ के पास स्थित एक झोपड़ी से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बांस व बल्ली बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर देखे गए 2614 मरीज

संवाददाता, अमेठी


आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ अंशुमान सिंह।

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिले में कुल 2614 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। आरोग्य मेले में कुल 75गोल्डन कार्ड भी बनाये गए हैं।

अमेठी जनपद की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 2614 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में 30 स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें 63 डॉक्टर, 265 पैरास्टॉफ लगाए गए थे। इस दौरान 75 गोल्डेन कार्ड बनाए गए। 20 मरीज रेफर किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें शुगर, उच्च रक्तचाप, कोविड, मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई। दवा भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड भी बनाये गए।

सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। रविवार को जिले के सभी पीएचसी पर मुख्य मंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें 1041 पुरुष, 1221 महिला, 352 बच्चों का इलाज किया गया है।

# सुविधा शुल्क न मिलने पर आवदेन रद, जिलाधिकारी से की शिकायत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुविधा शुल्क की मांग पूरी न होने पर श्रम विभाग द्वारा आवेदिका को योजना से वंचित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यहां पर कुछ चर्चित व फेमस बाबू सुविधा शुल्क मिलने और न मिलने पर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं में लाभार्थियों को फेल और पास करने का खेल करते हैं। ऐसे भ्रष्ट व मनमाने बाबुओं पर एक बार फिर संचालित योजनाओं की आड़ में श्रमिकों से सुविधा शुल्क लेने के आरोप व लांछन लगते रहे हैं। अभी हाल ही में कार्यभार संभाल चुके सरल, व्यवहारिक व ईमानदार सहायक श्रमायुक्त के कार्य में तेजी दिखाने पर कुछ महीनों तक योजनाओं में सेंधमारी करने वाले भ्रष्टाचारियों पर विराम लगा रहा। थक हारकर पीड़िता ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है।

दरअसल यह मामला राही ब्लाक के जगदीशपुर पोस्ट भुएमऊ की दलित निवासिनी रामरती का है। पीड़िता ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके उसके पति का श्रम विभाग में लेबर रजिस्ट्रेशन था। पति के मृत्यु के बाद उसने निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजना में ऑनलाइन आवेदन किया था। इस संबंध में सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार ने बताया की मामला उनकी जानकारी में नही है। जांच कराएंगे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो मै कुरैशी समा बेगम, पुत्री यार मोहम्मद कुरैशी, निवासिनी- प्लाट नम्बर- 83, मकान नम्बर- 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा मैं मुस्लिम धर्म की अनुयायी थी लेकिन मैनें अपना नाम कुरैशी समा बेगम के स्थान पर प्रियंका ताती कर लिया है तथा मुस्लिम धर्म का परित्याग कर हिन्दू धर्म अपना लिया है। इसलिए मै भविष्य में प्रियंका ताती के नाम से जानी व पहचानी व पुकारी जाऊंगी। **-प्रियंका ताती निवासिनी- प्लाट नम्बर- 83, मकान नम्बर- 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में दिलीप कुमार है।जबकि मेरा सही नाम दिलीप कुमार गुप्ता है । अब मुझे दिलीप कुमार गुप्ता नाम से भी जाना पहचाना जाय। **- दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र रामयश गुप्ता, निवासी- ग्राम धनेशा राजपूत , पोस्ट शुकुल का बाजार तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।**

**सूचना**
सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अरविन्द ARAVIND से बदलकर अरविन्द यादव ARVIND YADAV रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। – **अरविन्द यादव पुत्र श्यामलाल ग्राम खनवार बकलोलही, पोस्ट पिपरा जटामपुर, थाना कुबेर स्थान, जिला कुशीनगर**

## एक नजर

### महिला की पिटाई, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सहिजना में दबंग भाइयों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सहिजना निवासी राधा पत्नी बुधपाल ने गांव के पंकज, पिंकू व विवेक पर लाठी डंडे से पीटने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया किसी पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट की गई है। महिला के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मल्लावां, हरदोई।** कबीरपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत होने पर मायके पक्ष के लोगों की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। विवार को कोतवाली में ग्राम लम्बई थाना फतेपुर चौरासी जनपद उन्नाव निवासी शिव कुमार ने दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री रेखा (26) का विवाह 28 नवंबर 2021 को तेजीपुर के मजरा कबीरपुर निवासी राजीव उर्फ़ राहुल यादव के साथ किया था। शनिवार की शाम 6 बजे दामाद ने बताया कि रेखा की मौत हो गई। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि ससुरालीजनों के मुताबिक महिला बीमार थी, जिसका इलाज चल रहा था। मायके पक्ष की आशंका के आधार पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### लुटेरे बाइक और नकदी लूट कर हुए फरार, दी तहरीर

**हरदोई।** एनसीसी शिविका इंटरप्राइजेज कर्मी बाइक से अपने घर जा रहा था,उसी बीच रास्ते में मत्तीपुर मोड़ पर एचएफ बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक कर उसकी बाइक और बैग जिसमें नगदी और कागज़ात थे, लूट कर फरार हो गए। शनिवार को इस तरह से हुई वारदात की तहरीर लोनार पुलिस को दी गई है। पीड़ित सवायजपुर कोतवाली के भैनामऊ निवासी विकास मिश्रा ने पुलिस को सूचना दी।

# कमीशन के खेल में लुट रहे अभिभावक

**सरकार के निर्देश व गाइडलाइन को दरकिनार कर निजी स्कूल कर रहे मनमानी**

हरदोई

**अमृत विचार।** हर साल निजी स्कूल संचालक अभिभावकों की जेब पर डाका डालने का काम कर रहे हैं। निजी स्कूलों को सरकार की गाइडलाइन और सरकार के निर्देशों का भी कोई ख्याल नहीं है। जब बात अपने फायदे की आती है तो यह निजी स्कूल प्रशासन तमाम तरह के नियम और अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन खुद सरकार के निर्देशों और गाइडलाइन की परवाह नहीं करते।

सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तीन साल तक कोर्स नहीं बदला जा सकता, लेकिन किताबों में अच्छे कमीशन के चलते इन स्कूलों की किताबों में मामूली ही सही, बदलाव कर बच्चों को हर साल नई किताबें खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। स्कूल ड्रेस से लेकर कॉपी किताबों तक पर दाम एकदम फिक्स है, कम कम नहीं हो सकता। हर स्कूल की किताब और ड्रेस स्कूल प्रशासन के चहते लोगों के यहां ही मिलेंगे।

स्कूलों की कॉपी-किताबों में मुनाफाखोरी इतनी है कि कोई मध्यम वर्गीय या गरीब परिवार अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने के बारे में सोच कर ही घबड़ा जाता है। लोगों का कहना है कि इन स्कूलों पर सरकार इसलिए लगाम नहीं कस पा रही है क्योंकि अधिकतर ऐसे स्कूलों का संचालन बड़े-बड़े राजनेताओं, उद्योगपतियों के हाथ में है।


एक दुकान से कॉपी-किताब लेते अभिभावक। अमृत विचार

# खामोश बैठा है अभिभावक संघ

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले के कई ऐसे नामी स्कूल है जहां हर मां बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए पढ़ना चाहता है। इसी का फायदा उठाकर स्कूल अभिभावकों का शोषण प्रतिवर्ष करता रहा है। हरदोई में अभिभावक संघ होने के बाद भी इस पर कोई भी आवाज नहीं उठ रही है। आवाज उठती भी है तो उस पर कुर्सियों पर बैठे जिम्मेदार कोई भी कार्यवाही नहीं करते हैं। हरदोई में नामी स्कूल अच्छे कमिशन को लेकर प्रतिवर्ष बच्चों का कोर्स बदल दे रहे हैं। इस वर्ष भी कई स्कूलों ने बच्चों के कोर्स को बदल दिया। ऐसे में अभिभावकों को होली के त्यौहार के बाद कॉपी किताबें में अच्छे दाम खर्च करने पड़ रहे हैं। नामी स्कूलों में क्लास फर्स्ट से लेकर और दसवीं तक की किताबों की बात की जाए तो 6000 से 10000 रुपये अभिभावकों को खर्च करने पड़े रहे हैं।स्कूल प्रशासन की मनमानी इस कदर हावी है कि उनके स्कूलों की कॉपी किताब सिर्फ उनके द्वारा चुनी गई दुकानों पर ही उपलब्ध होगी बाकी किसी भी दुकान पर उस स्कूल के कॉपी किताब उपलब्ध नहीं होगी। कापी-किताबों की दुकानों पर इन दिनों मेला सा लगा रहता है। यह मेला अभिभावकों की मजबूरी और लाचारी को प्रदर्शित कर रहा है। अभिभावक घंटों प्रतीक्षा कर नामी स्कूल की कॉपी किताबें एक विशेष दुकान से खरीद रहे हैं। अभिभावक का मेला इस बात का भी प्रतीक है कि उन नामी स्कूलों की कॉपी किताबें अन्य दुकानों पर उपलब्ध नहीं है। यदि आप किसी अन्य कॉपी किताब की दुकान पर संबंधित स्कूल की कॉपी किताबें खरीदने जाते हैं तो वहां मना कर स्कूल द्वारा गुपचुप तरीके से अधिकृत की गई दुकानों को बता दिया जाता है। ऐसे में अधिकृत पुस्तक विक्रेता और स्कूल प्रशासन अच्छा कमीशन कमा रहा है, वहीं अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाने के खातिर अपनी जेब पर डाका डलवा रहा है। देखने वाली बात यह होगी कि इन सब के बाद क्या जिम्मेदार कोई कार्रवाई करेंगे या यूं ही जिम्मेदार आंख मूंदे बैठे रहेंगे।




# नामांकन के समय बैरीकेडिंग की रखें उचित व्यवस्था

## जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने चुनाव में क़ानून व्यवस्था के संबंध में हुई बैठक में दिए निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** कार्मिकों के प्रशिक्षण, ईवीएम के रैण्डमाइजेशन व नामांकन के दौरान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। नामांकन के दौरान बै बैरीकेडिंग की उचित व्यवस्था की जाये। पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल व कलेक्शन सेंटर पर सुरक्षा की व्यवस्था की जाये। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि नामांकन के साथ सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक व व्यय प्रेक्षक जनपद में आएंगे। महिलाओं को समर्पित बूथों पर महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाये। युवाओं को समर्पित बूथों पर अन्य कर्मियों के साथ ही युवा सुरक्षा कर्मी तैनात किये जाएं। घर पर मतदान के इच्छुक दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के वोटरों के बैलट मतदान के दौरान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वास्थ्य विभाग की टीम की तैनाती की जाये। कहा कि मतदान केन्द्रो में अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाये। 12 व 13 मई को शराब की सभी दुकाने बन्द रखी जाएं। कंट्रोल रूम के नंबर 1950 पर प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण कराया जाये। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाये। सार्वजनिक संपत्ति पर कोई चुनाव सामग्री न लगने दी जाये। निजी संपत्ति पर मालिक की सहमति से प्रचार सामग्री लगायी जाये। बिना अनुमति के चुनाव प्रचार के लिए वाहनों का इस्तेमाल न होने दिया जाये। एक जुलूस में एक साथ 10 से अधिक वाहनों की अनुमति न दी जाये। शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई तेजी से की जाये। शस्त्रों की दुकानों का नामांकन से पूर्व सत्यापन करा लिया जाये। वलनरेबल बूथों पर मतदाताओं से संवाद किया जाये। गड़बड़ी पैदा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। 18 अप्रैल से अन्य जिलों से लगने वाली सीमाओं पर एसएसटी को तैनात किया जाये। इन सभी 28 नाकों पर बैरियर लगाया जाये। बाहर से आने वाले सुरक्षा कर्मियों के रुकने की उचित व्यवस्था की जाये। सभी मतदान केन्द्रो पर विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप को डाऊनलोड करें व अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सभी स्तरों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। सभी थानों में स्वीप से सम्बंधित होर्डिंग लगवाई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह। अमृत विचार

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनई मे रंजिशवश दो पक्षों जमकर मारपीट हुई। गांव निवासी रामकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि शनिवार को वह अपने पुराने मकान के बाहर बैठा था, तभी गांव निवासी राकेश, राजेश, पिंकू, बसंत आकर के गाली देने लगे और लाठी डंडा से मारा पीटा। बाद में आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। वहीं दूसरी ओर राधा ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया की रामकुमार, गयादीन, सचिन व गौतम ने दरवाज़े पर आकर गालिया देते हुए लाठी डंडो से मारा पीटा मामले मे कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है जांच की जा रही है।

# डीएम व एसपी ने मंडी परिसर का किया भ्रमण

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में प्रशासनिक व सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी के नेतृत्व में रविवार को जनपद के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने मंडी परिसर का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को चुनाव के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मंडी सचिव को निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत का कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आज से प्रारंभ होने वाले मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने प्रशिक्षण स्थल जीडीसी का निरीक्षण किया। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल पर व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी तैनात किये जाएं। कार्मिकों की सहायता के लिए स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं ताकि उन्हें प्रशिक्षण कक्ष को तलाश करने में कोई परेशानी न हो।


मंडी परिसर में चुनाव व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम, सीडीओ व एसपी। अमृत विचार

# हत्या से गुस्साए लोगों ने थाना घेरा, लगाया जाम

हरदोई

**अमृत विचार।** युवक की हत्या किए जाने से गुस्साए लोगों ने उसकी पत्नी और ससुर के खिलाफ केस दर्ज किए जाने की मांग करते हुए हरियावां थाने को घेरते हुए उसके सामने जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए भीड़ का आरोप था कि पुलिस की लापरवाही के चलते वारदात हुई।

बतातें चले कि पुलिस ने रविवार को 22 मार्च से गायब हुए हरियावां थाने के अहमदी निवासी बांकेलाल गुप्ता का शव बरामद किया। हरियावां पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए सुरसा थाने के देवरिया निवासी मदन गुपता और राधेश्याम कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। उधर पोस्टमार्टम के बाद बांकेलाल का शव ले जाया गया,उसी बीच गुस्साए लोग हरियावां थाने के सामने पहुंचे और बांकेलाल की पत्नी और उसके ससुर के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग करते हुए वहां घेराव करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाज़ी कर रही गुस्साई भीड़ का आरोप था कि उसकी लापरवाही से इतनी बड़ी वारदात हुई। खबर लिखे जाने तक पुलिस जाम हटाने के लिए जूझ रही थी।

## सार-संक्षेप


बैठक करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी।

### झूठे वादों और जुमलों से जनता त्रस्त : आशीष सिंह

**हरदोई, अमृत विचार।** मतदाताओं का भाजपा से मोहभंग हो गया है। झूठे वादों और जुमलों से त्रस्त जनता इंडिया गठबंधन को जिताने का मन बना चुकी है। रविवार को आयोजित बैठक में बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं को संबोधित कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने उक्त बात कही। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बावन में न्याय पंचायत बावन व सेक्टर निजामपुर,साबिरपुर, तेरिया, बावन, तत्योरा, के बूथ अध्यक्षों के साथ बूथ जिताने की तैयारियों को लेकर बैठकें आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं के संकट और खाद बीज की मंहगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों की आय दो गुनी करने के बजाए सरकार पूंजीपतियों की कर्जमाफी करती रही और किसान आंदोलन में सरकार की लाठी गोली खाते रहे। इस अवसर पर शहर कोषाध्यक्ष महताब अहमद, ब्लॉक महासचिव यूसफ़ खान, बावन न्याय पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर, शिबू अली, गोविंद, अमन, पंचमलाल आदि बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

### पथराव करते हुए शहर में की गई हवाई फायरिंग

**हरदोई,अमृत विचार।** पड़ोसियों ने मोबाइल पर स्टेटस लगाने पर पड़ोसी की पिटाई कर दी। जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई,पुलिस कुछ करती,उससे पहले ही उन्ही हमलावरों ने हमला बोल दिया। गाली-गलौज करते हुए उन्होंने न सिर्फ पथराव किया, बल्कि हवाई फायरिंग करते हुए काफी बवाल किया। पथराव और फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बारे में एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि केस दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। फरार हमलावरों की तलाश की जा रही है। कोतवाली शहर के झबरापुरवा निवासी राकेश कुमार राणा की पत्नी संतोष कुमारी ने अपने पड़ोसी हर्ष, आकाश, शकील गाज़ी, अब्बास गाज़ी, नौशाद गाज़ी और श्यामा गाज़ी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराने के लिए पुलिस को दी।

### इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद बच्चे की मौत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** साढ़े तीन साल के बच्चे को बुखार आने पर निजी डाक्टर से उसका इलाज कराया गया। डाक्टर के इंजेक्शन लगाने कुछ ही घंटे बाद उसकी हालत बिगड़ गई। सीएचसी लेकर पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला सुल्हाड़ा निवासी प्रदीप कुमार के एक साढ़े तीन साल का बेटा अभिराज और उससे छोटी एक बेटी है। दो दिन पहले अभिराज को बुखार आ गया था। शनिवार को प्रदीप और प्रदीप की पत्नी प्रतिमा उसे इलाज के लिए कस्बे में एक निजी डाक्टर के पास ले गए। प्रदीप का कहना है कि डाक्टर ने इंजेक्शन लगाया और कुछ दवाएं दी। घर पहुंचते ही बच्चे की हालत बिगड़ गई। प्रदीप का आरोप है कि वह उसे ले कर उसी डाक्टर के पास पहुंचा, जहां इलाज करना तो दूर उस डाक्टर ने हाथ तक नही लगाया। उसके बाद वह उसे ले कर सीएचसी पहुंचा, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। गलत इलाज से मौत होने का आरोप लगने से पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

### पत्नी के मंगेतर ने की थी युवक की हत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** अपने साथ शादी टूटने से बौखलाए युवक ने विवाह के बाद बदला लेने के लिए युवती के पति को बहाने से बुलाकर हत्या कर दी। पुलिस की पकड़ में आने के बाद आरोपी युवक ने सारा राज़ उगल दिया। कहा कि वह नहीं चाहता था कि युवती किसी और की हो, वह उसी से शादी करना चाहता था, इच्छा पूरी न होने पर अपने दोस्त के साथ मिलकर मंगेतर के पति की हत्या को अंजाम दिया। बताते चले कि 22 मार्च को हरियावां थाने के अहमदी गांव निवासी 28 वर्षीय बांकेलाल गुप्ता बाइक से निकला और फिर वापस नहीं लौटा। हरियावां पुलिस ने 25 मार्च को उसके भाई सुशील गुप्ता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की। बांकेलाल की तलाश में जुटी पुलिस को पता चला कि सुरसा थाने के देवरिया निवासी मदन गुप्ता रंजिश मानता था। इसका पता होते ही पुलिस ने रविवार को मदन गुप्ता और उसके दोस्त राधेश्याम कश्यप को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछने पर मदन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी हरपालपुर निवासी आनंद की पुत्री के साथ होना तय थी, साल 2014 में तिलक हुआ, उसके बाद एक मामले में जेल हो गई। जेल जाने पर शादी टूट गई और बांकेलाल से उसकी मंगेतर की शादी हो गई। बांकेलाल की पत्नी करीब आठ महीनें से अपने मायके में रह रही है, जेल से छूट कर आए मदन की उसकी मुलाकात हुई तो पुरानी यादें ताज़ा हो गई। तभी से उसने सोंच लिया था कि बांकेलाल को रास्ते से हटाना है।

### मदरसे में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क ड्रेस वितरित

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के लखनऊ रोड स्थित मदरसा गुलशने वारिसया में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क ड्रेस वितरण किया गया। हाथों में ड्रेस मिलते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान फैल गई।इस अवसर पर इस मदरसे के प्रबंधक हाफ़िज क़री शकील वारसी ने का कि बच्चे लगन से पढ़ाई करें क्योंकि शिक्षा एक अमूल्य धन है। यह वह धन है जो लोगों में वितरण करने पर भी कभी कम नहीं होता। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। समाज को शिक्षित बनाकर ही हम अंधविश्वास को दूर कर सकते हैं और शिक्षा से ही देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा दिलाने में जितना योगदान टीचर का उतना महत्वपूर्ण योगदान माता-पिता का भी है कि वह अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान दें। उन्होंने बताया कि 63 वर्षों से इस मदरसे में बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और हर वर्ष इसी मदरसे में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क ड्रेस वितरण किया जाता है। ड्रेस वितरण समारोह के अवसर पर मो. राशिद अली वारसी, मो. नसीम वारसी, मो. सलीम वारसी, मो. मोइन वारसी, अलाउद्दीन वारसी, रहमतुल्ला वारसी, मो. इशाक अली वारसी के अलावा छात्र-छात्राएं मो. ओवैस, मो. अरहान, मो. फैज वारसी मो. अली, कनीज फातिमा, अदीबा इफ्फत, समा आदि को नि:शुल्क ड्रेस वितरण किया गया।

### ट्रेन की टक्कर से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर का मालिक खेत की फसल देखने की बात कह कर घर से निकला। उसी बीच रेलवे ट्रैक के पास से निकलते ही वह उसकी चपेट में आ गया,जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। बेहटा गोकुल थाने के सरी गांव निवासी 32 वर्षीय सोनू टोंडरपुर में अपना मेडिकल स्टोर चलाता था। शनिवार की शाम को सोनू अपने घर पर था, उसी बीच वह खेत की फसल देखने की बात कह कर घर से निकला, रास्ते में रेलवे ट्रैक पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# बिना सूचना रोक दी गई विद्युत आपूर्ति

हरदोई

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग की लापरवाही का दंश नगर के विद्युत उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। एक और जहां विभाग को अपडेट करने का कार्य ऊर्जा मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं वहीं विभाग के कुछ अधिकारियों की लापरवाही से विद्युत उपभोक्ताओं को ख़ासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार का दिन है ऐसे में लोग अपने दैनिक कार्य को पूरा करते हैं। रविवार का दिन होने के चलते लोग सुबह आराम से सोकर उठते हैं। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक विद्युत आपूर्ति न आने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हरदोई शहर में विद्युत विभाग की लापरवाही से नगर के विभिन्न मोहल्लों के लोगों को गर्मी में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की ओर से कराए जा रहे कार्य को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं को पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गई थी और अचानक से विद्युत आपूर्ति को रोक दिया गया ऐसे में विद्युत ना होने से मोहल्ले वासियों के सामने पीने के पानी समेत कई संकट आ खड़े हुए हैं। मोहल्ले वासियों का विद्युत कर्मचारी व अधिकारियों पर खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है।

शहर के अधिकांश मोहल्लों में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति करने वाली केबल को बदला जा रहा है। ऐसे में रविवार के दिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा कार्य को किया जा रहा है। लोगों को पूर्व में इसका आभास नहीं था तो ऐसे में लोगों के घर ना तो पीने का पानी है और न ही नहाने का।

**कार्यक्रम** — काव्य गोष्ठी में कवियों ने रचनाओं से बांधा समां

# हर्ष हो, उत्कर्ष हो, ऐसा यहां नव वर्ष हो...

हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मां आशा फाउंडेशन एवं ब्रह्मास्त्रा एकेडमी द्वारा नव संवत्सर की पूर्व वेला पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मां आशा फाउंडेशन व ब्रह्मास्त्रा एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में नव संवत्सर के आगमन की पूर्व वेला पर रविवार को ब्रह्मास्त्रा एकेडमी में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ कवि निशानाथ अवस्थी ने मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। काव्य गोष्ठी की शुरुआत युवा गीतकार आदर्श सिंह की वाणी वन्दना से हुई। कवि उदयराज सिंह ने रामरूप में साक्षात अपवर्ग उतर आया है... गीत पढ़ वाहवाही लूटी। युवा कवि वैभव शुक्ल ने जिसने प्रेम किया है, उसने एक बार तो गाई कविता... रचना पढ़ तालियां बटोरीं। गीतकार पवन प्रगीत ने ओ वसंत आओ , पुष्पित फुहार दो, हो सुगंधमय वसुंधरा संवार दो... गीत पढ़ समां बांधा। कवि अरविंद मिश्र ने... जब तक रहें चाहने वाले, तब तक ही बस जीना अच्छा... कविता पढ़ी। कवि इंद्रेश लकी ने जीवन को संवारने में लगते हैं वर्षों कई, गुजरना पड़ता है विघ्न बाधाओं और संघर्षो से कोई...कविता पढ़ी। गीतकार गीतेश दीक्षित ने गमों की धूप में हूं वफ़ा की छांव बन जाओ शहर की बेरुखी छोड़ो हमारा गांव बन जाओ... गीत पढ़ा। इसी तरह कवि धीरज श्रीवास्तव, कवयित्री आकांक्षा गुप्ता, युवा कवि कृतार्थ पाठक ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। सतीश शुक्ल ने धर्म सनातन अगर न होता अधरों पर मुस्कान न होती... कविता पढ़ वाहवाही लूटी। कवि अजीत शुक्ल ने जग कल्याण पर दूरियां दिल की मिटें, न कहीं संघर्ष हो। हर्ष हो, उत्कर्ष हो, ऐसा यहां नव वर्ष हो।" कविता सराही गई। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, अध्यापक विजय श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, आर्यन पटेल,शहबाज सिद्दिकी मौजूद रहे।


युवा कवियों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

# बदमाशों ने मोटरसाइकिल और नकदी लूटी, केस दर्ज

बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार की रात एक कम्पनी का प्राइवेट कर्मचारी मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था, उसी बीच रास्ते में मत्तीपुर मोड़ पर एचएफ बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक कर उसकी बाइक और बैग जिसमें नगदी और कागज़ात लूट कर फरार हो गए। लोनार पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सवायजपुर कोतवाली के भैलामऊ निवासी विकास मिश्रा पुत्र उमेश मिश्रा एनसीसी शिविका इंटरप्राइजेज कंपनी में नौकरी करता है। लोनार पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि उसकी कंपनी का मूंसेपुर में काम चल रहा है। शनिवार की शाम को विकास अपनी पैशन-प्लस बाइक से घर जा रहा था।

लोनार कोतवाली के गांव नकटौरा के आगे नहर पटरी पर मत्तीपुर मोड़ के पास पहुंचतें ही एचआर बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसे रोक लिया, विकास कुछ समझ पाता, इससे पहले तीनों बाइक सवार झपट पड़े और उसके पास से पिट्ठू बैग व बाइक लूट कर फरार हो गए। विकास ने बताया कि बैग में नगदी व ज़रूरी काग़ज़ात थे। लोनार पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले की विवेचना सब इस्पेक्टर कैलाश यादव कर रहे है। उन्होंने बदमाशो को पकड़ने के लिए कई जगह छापेमारी की। कोतवाल लोनार आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया टीम गठित कर दी है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

